समुद्री एवं तटीय सर्वेक्षण प्रभाग ,भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ,मंगलूरू में हिन्दी दिवस, हिन्दी पखवाड़ा समारोह एवं द्वितीय तिमाही की एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन (04.09.2019 से 20.09.2019)

<u>हिन्दी दिवस, हिन्दी पखवाड़ा समारोह एवं एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला रिपोर्ट</u>

समुद्री एवं तटीय सर्वेक्षण प्रभाग, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, मंगलूरू में हिन्दी दिवस, हिन्दी पखवाड़ा समारोह एवं द्वितीय तिमाही की एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन दिनांक 04.09.2019 से 20.09.2019 तक किया गया । उद्घाटन समारोह दिनांक 04.09.2019 को विभाग के "एम वी एन मूर्ति सभागार" में आयोजित की गया । हिन्दी पखवाड़ा समारोह का उद्घाटन व अध्यक्षता श्री एन मारन, उप-महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष , स.त. प्र., भा. भू. स., मंगलूरू, द्वारा की गयी । श्री नितिन कुमार, सहायक भूभौतिकीविद ने उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगल ज्योति के प्रज्ज्वलन से हुआ । तत्पश्चात, श्री नितिन कुमार, सहायक भूभौतिकीविद द्वारा कार्यक्रम का स्वागत अभिभाषण प्रस्तुत किया गया ।

श्री एन मारन, उप-महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष , स.त. प्र., भा. भू. स., मंगलूरू, ने इस मौके पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी पखवाड़ा समारोह को सफलतापूर्वक मनाने और कार्यालय मे हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देने का आह्वान किया। श्री एन मारन, उप-महानिदेशक (भूविज्ञान) ने इस मौके पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कार्यालय में हिन्दी के कार्यान्वयन की दिशा में उठाऐ जा रहे कदमों की सराहना की तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा विभाग को यथासंभव सहयोग देने की अपील की । डॉ ए. अनिल कुमार, निदेशक एवं कार्यालयाध्यक्ष ने इस अवसर पर कार्यालय मे हो रहे कार्यो की सराहना की एवं भविष्य मे भी सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी मे काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री ए सी दिनेष, निदेशक (नी.स.त.प्र.), डॉ एन एम शरीफ, निदेशक (पो.प्र.प्र), श्री नागेंद्रन जी, निदेशक (त.स.) एवं श्री ए कटारी, निदेशक (भूविज्ञान) ने भी सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी के प्रचार प्रसार तथा कार्यालय मे इसके उपयोग किए जाने पर सुझाव दिए। इस अवसर पर श्री नितिन कुमार, सहायक भूभौतिकीविद ने श्रीमती अनुराधा मिश्रा, सचिव, राजभाषा ,गृह मंत्रालय द्वारा प्राप्त कार्यालय ज्ञापन के कुछ अंश पढे एवं दिए गए संदेश का वाचन किया| तत्पश्चात हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों का क्रमबद्ध ब्यौरा समारोह में उपस्थित अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमे हिन्दी कविता पाठ, हिन्दी प्रश्नोत्तरी(क्विज), प्रशासनिक शब्दावली, हिन्दी श्रुतलेख, हिन्दी वाद- विवाद, शब्दमाला, राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता, हिन्दी से अँग्रेजी एवं अँग्रेजी से हिन्दी अनुवाद एवं बहु-कार्य कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी एवं दृश्य परिक्रमा देखो पहचानो एवं हिन्दी मे बताओ

प्रतियोगिताओ का उल्लेख किया गया। हिन्दी पखवाड़ा समारोह में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यशाला में योगदान देने हेतु आशा प्रकट करते हुए अंत मे धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन

कार्यालय मे दिनांक 17 सितंबर 2019 को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे श्री अवनीश सिमल्ती, व. प्रबंधक, कोर्पोरेशन बैंक, मंगलुरु को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री एन मारन, उप-महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष द्वारा की गयी। सर्वप्रथम श्रीमती अंगेश्री हिकरे, वरिष्ठ भूवैज्ञानिक द्वारा समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगल ज्योति के प्रज्ज्वलन एवं ईश वंदना से हुआ। ईश्वर वंदना की प्रस्तुति श्रीमती कमला वी. गद्दे, तकनीकी सहायक (लेखा) द्वारा की गयी। तत्पश्चात, श्रीमती अंगेश्री हिकरे, वरिष्ठ भूवैज्ञानिक द्वारा कार्यक्रम का स्वागत अभिभाषण प्रस्तुत किया गया तथा खान मंत्रालय से आये हुए सन्देश का पठन किया। श्री एन मारन, उप-महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष, ने इस मौके पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी दिवस की बधाई दी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री अवनीश सिमल्ती, व. प्रबंधक, कोर्पोरेशन बैंक, मंगलुरु ने हिन्दी को राजभाषा के रूप मे स्वीकार करने से संबन्धित ऐतिहासिक घटनाओ के बारे मे सभी को अवगत कराया और सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाए देते हुए इसके महत्तव को समझने एवं दैनिक कार्यों मे अपनाने पर ज़ोर दिया। डॉ ए. अनिल कुमार, निदेशक एवं कार्यालयाध्यक्ष ने भी सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाए दी और कार्यालय मे हो रहे कामों मे हिन्दी को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया, इस दौरान उन्होने गृह मंत्रालय से आया हुए सन्देश का भी पठन किया और हिंदी अनुवाद के मोबइल एप के बारे में भी जानकारी दी । श्री एन मारन, उप-महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष, स.त. प्र., भा. भू. स., मंगलूरू, द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति भेंट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को समापन की और ले जाते हुए श्री अभिनव प्रकाश गहलोत, भूभौतिकीविद ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समारोह मे उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया एवं मुख्य अतिथि को अपना बहुमूल्य समय हिन्दी दिवस समारोह के उपलक्ष मे कार्यालय को देने के लिए धन्यवाद दिया

एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 20.09.2019 को समुद्री एवं तटीय सर्वेक्षण प्रभाग, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, मंगलूरू में वर्ष 2019-20 की द्वितीय तिमाही की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम श्रीमती अंगेश्री हिकरे, वरिष्ठ भूवैज्ञानिक द्वारा मुख्य अतिथि एवम कार्यशाला के प्रथम सत्र के वक्ता श्री निरंजन कुमार झा, मुख्य प्रबंधक, कोर्पोरेशन बैंक, मंगलुरु और उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य राजभाषा नीति के अनुपालना हेतु कार्यालय के अधिकारियों / कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित करना तथा राजभाषा नियमों के अनुपालना संबंधी झिझक को दूर करना था । कार्यशाला के प्रथम सत्र के वक्ता श्री निरंजन कुमार झा, मुख्य प्रबंधक, कोर्पोरेशन बैंक, मंगलुरु थे । उन्होनें "राजभाषा ज्ञान नियम अधिनियम और कार्यालय मे प्रयोग " विषय पर व्याख्यान दिया तथा राजभाषा नियम एवं अधिनियमो के साथ साथ कार्यालय मे हिन्दी के प्रयोग से संबन्धित महत्वपूर्ण जानकारी दी । इसके साथ की बीते दिन राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता के प्रश्न पत्र को हल करते हुये राजभाषा नियमों से जुड़े विभिन्न पहलूओं पर अभ्यास भी कराया । कार्यशाला के द्वितीय सत्र में डॉ ए. अनिल कुमार, निदेशक एवं कार्यालयाध्यक्ष ने तिमाही प्रगति रिपोर्ट को भरने के प्रक्रिया को विस्तार से बताया एवं हिंदी में कंप्यूटर पर टाइपिंग का प्रशिक्षण दिया। कार्याशाला के समापन वाचन में राजभाषा अनुभाग के श्री अभिनव प्रकाश गहलोत, भूभौतिकीविद ने कार्यशाला के वक्तागणों तथा कार्यशाला में भाग लेने वाले समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यशाला को सफल बनाने के लिये आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा एकदिवसीय हिंदी कार्यशाला को संपन्न किया ।

हिन्दी पखवाड़ा समारोह का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

हिन्दी पखवाड़ा समारोह 2019 का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 20.09.2019 को विभाग के "एम वी एन मूर्ति सभागार" में अपराह्न 4:30 बजे आयोजित किया गया । समापन समारोह की अध्यक्षता श्री एन मारन, उप-महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष, स.त. प्र., भा. भू. स., मंगलूरू, द्वारा की गयी । कार्यालय के राजभाषा अनुभाग से श्रीमती अंगेश्री हिकरे, वरिष्ठ भूवैज्ञानिक द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं हिंदी पखवाड़े की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी।, श्री एन मारन, उप-महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष ने हिन्दी पखवाड़ा समारोह- 2019 के सफलतापूर्वक आयोजन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुये राजभाषा अनुभाग को बधाई दी तथा सभी अधिकरियों एवं कर्मचारियों से हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने का आग्रह किया। डॉ ए. अनिल कुमार, निदेशक एवं कार्यालयाध्यक्ष ने भी हिन्दी पखवाड़ा समारोह- 2019 के सफलतापूर्वक आयोजन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। तत्पश्चात श्री जी नागेन्द्रन, निदेशक (तकनीकी समन्वय) ने अपनी हिंदी पर लिखी कविता की कुछ हुई पंक्तियाँ सुनाई।

सभी के सन्देश ज्ञापन के पश्चात प्रतियोगिता में विजयी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया । प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिये गये एवं कम से कम एक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष: 2018–19 में विभाग में हिन्दी प्रोत्साहन योजना के तहत हिन्दी माध्यम द्वारा सबसे अधिक काम करने के लिए चार कर्मियों के प्राप्त आवेदनों के बारे मे बताया गया एवं मूल्यांकन समिति से शीघ्र आंकलन कर निर्णय देने का आग्रह किया। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का अंत श्री अभिनव प्रकाश गहलोत, भूभौतिकीविद के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा हुआ ।

<table>
<tr><th colspan="2">हिन्दी दिवस, हिन्दी पखवाड़ा समारोह की कुछ झलकियाँ</th></tr>
<tr><td> </td><td> </td></tr>
<tr><td colspan="2">हिन्दी दिवस, हिन्दी पखवाड़ा समारोह के उदघाटन कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए श्री एन मारन, उप-महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष महोदय एवं अन्य अधिकारीगण</td></tr>
<tr><td>
राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता मे भाग लेते उप-महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष महोदय एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण</td><td>
शब्दमाला प्रतियोगिता मे भाग लेते हुए डॉ एन एम शरीफ, निदेशक (भूविज्ञान)</td></tr>
</table>

हिन्दी दिवस समारोह के मुख्य अतिथि श्री अवनीश सिमल्ती, व. प्रबंधक, कोर्पोरेशन बैंक, मंगलुरु दीप प्रज्वलित करते हुए

हिन्दी दिवस समारोह के मुख्य अतिथि श्री अवनीश सिमल्ती, व. प्रबंधक, कोर्पोरेशन बैंक, मंगलुरु अपना व्याख्यान देते हुए

हिन्दी दिवस समारोह मे उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारी गण

कार्यशाला के वक्ता श्री निरंजन कुमार झा, मुख्य प्रबंधक, कोर्पोरेशन बैंक, मंगलुरु को स्मृति भेंट देते हुए डॉ ए. अनिल कुमार, निदेशक एवं कार्यालयाध्यक्ष महोदय

कार्यशाला मे भाग लेते हुए अधिकारी एवं कर्मचारी गण

प्रतियोगिताओं मे विजयी अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत करते हुए उप-महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष महोदय एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण